an>

Title: Need to devolve powers to Members of Parliament for better execution of construction works under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in their respective parliamentary constituencies in the country.

**श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल)**ः भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा देश में चलाए जा रहे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक ग्राम को सड़क से जोड़ने का है, लेकिन अधिकारियों के काम के प्रति लापरवाही के चलते यह योजना कारगर नहीं हो पा रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा उक्त योजना की निगरानी हेतु प्रत्येक सांसद को संबंधित जिला को निगरानी समिति का अध्यक्ष तो बनाया जाता है, लेकिन अधिकार कुछ भी नहीं है। ऐसी परिस्थिति में कार्य में लापरवाही होना लाजिमी है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु सांसद की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

अतः मैं सरकार से माँग करती हूं कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु उक्त योजना को संबंधित सांसद के अधीन किया जाये।